राजनाथ सिंह
RAJNATH SINGH

सत्यमेव जयते

रक्षा मंत्री
भारत
DEFENCE MINISTER
INDIA




# संदेश

यह हर्ष का विषय है कि रक्षा लेखा विभाग अपना 274 वां स्थापना दिवस मना रहा है। रक्षा लेखा विभाग का इतिहास और उसका भौगालिक विस्तार रक्षा सेवाओं के इतिहास और विस्तार से अभिन्न रूप से जुड़ा है। रक्षा लेखा विभाग को न केवल देश के सबसे पुराने विभागों में से एक होने का गौरव प्राप्त है बल्कि अपनी अमूल्य विरासत को सहेजते हुए उसे समय की मांग के अनुरूप सबसे पहले कंप्यूटरीकृत हो जाने का श्रेय भी है।

इसी क्रम में मुझे यह जानकर खुशी हुई है कि विभाग ने अपने कार्यालय में ई-ऑफिस/ पी.एफ.एम.एस. लागू करने की शुरुआत कर दी है। सूचना प्रौद्योगिकी के इस नवीनतम और सकारात्मक हस्तक्षेप से विभाग के कार्य-निष्पादन और निपटान में तीव्रता और पारदर्शिता के स्तरों में सुधार आने की अपेक्षा की जा सकती है।

भारत सरकार का अभिन्न अंग होने के नाते विभाग ने कोविड-19 महामारी का सामना करते हुए भी अपनी लगन और उत्तरदायित्व का परित्याग नहीं किया और निरंतर ही अपनी सेवाएं प्रदान करता रहा।

रक्षा लेखा विभाग के प्रत्येक सदस्य को रक्षा लेखा विभाग दिवस पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

**"जय हिन्द"**

31.08.20

नई दिल्ली
31 अगस्त, 2020

(राजनाथ सिंह)


Office : Room No. 104, Ministry of Defence, South Block, New Delhi-110011
Tel. : +91 11 23012286, +91 11 23019030, Fax : +91 11 23015403
E-mail : rmo@mod.nic.in